निधि पाण्डे, भा.सू.से.
आयुक्त
Nidhi Pandey, I.I.S.
Commissioner

सत् एवं पूषन् अपावृणु
केन्द्रीय विद्यालय संगठन

केन्द्रीय विद्यालय संगठन
KENDRIYA VIDYALAYA SANGATHAN
18, संस्थागत क्षेत्र, शहीद जीत सिंह मार्ग, नई दिल्ली–110016
दूरभाष : 91–11–26512579, फैक्स : 91–11–26852680
18, Institutional Area, Shaheed Jeet Singh Marg, New Delhi-110016 (India)
Tel. : 91-11-26512579, Fax : 91-11-26852680
E-mail : kvs.commissioner@gmail.com, Website : www.kvsangathan.nic.in

15.12.2024

Message

Dear Students, Teachers, and Parents,

On the momentous occasion of the *Foundation Day-2024* of Kendriya Vidyalaya Sangathan (KVS), I extend my heartfelt greetings to each one of you. From its humble beginnings in 1963, KVS has grown into an inspiring institution of excellence in school education. This remarkable journey continues to evolve, driven by an unwavering spirit of innovation and progress.

What began with just 20 regimental schools has now blossomed into a beacon of knowledge, with 1256 schools illuminating the future of our nation. The recent decision by the Government of India to open 85 more Kendriya Vidyalayas underscores the government's firm commitment to providing accessible and inclusive education to all, further strengthening our nation's educational framework.

The success of KVS stands as a testament to the dedication, passion, and hard work of every individual associated with it. On this occasion, I express my deepest gratitude to the teachers, staff, and parents whose tireless efforts and invaluable guidance have shaped KVS into the prestigious organization it is today.

This Foundation Day is not just a celebration of an institution; it is a tribute to the bright future of over 13 lakh students, the unshakable dedication of more than 50,000 educators and staff, the trust and support of lakhs of parents, and the cherished memories of our esteemed alumni. Together, we celebrate our shared legacy and the profound impact KVS has had on shaping the future of this nation.

As we commemorate this occasion, let us renew our commitment to setting new benchmarks in school education and nurturing the leaders of tomorrow. I am confident that this journey of service, dedication, and success will continue to unfold, creating a brighter and more promising future for generations to come.

With my best wishes,

Nidhi Pandey

(Nidhi Pandey)

निधि पाण्डे, भा.सू.से.
आयुक्त
Nidhi Pandey, I.I.S.
Commissioner

तत् त्वं पूषन् अपावृणु
केन्द्रीय विद्यालय संगठन

केन्द्रीय विद्यालय संगठन
KENDRIYA VIDYALAYA SANGATHAN
18, संस्थागत क्षेत्र, शहीद जीत सिंह मार्ग, नई दिल्ली–110016
दूरभाष : 91–11–26512579, फैक्स : 91–11–26852680
18, Institutional Area, Shaheed Jeet Singh Marg, New Delhi-110016 (India)
Tel. : 91-11-26512579, Fax : 91-11-26852680
E-mail : kvs.commissioner@gmail.com, Website : www.kvsangathan.nic.in

15.12.2024

संदेश

प्रिय विद्यार्थियों, शिक्षकवृंद एवं अभिभावकगण,

आप सभी को केन्द्रीय विद्यालय संगठन के 'स्थापना दिवस-2024' की हार्दिक शुभकामनाएं। 1963 में एक साधारण सी शुरुआत करने वाला केन्द्रीय विद्यालय संगठन स्कूल शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता का एक प्रेरणादायक संस्थान बनकर उभरा है और बढ़ते हुए वर्षों के साथ निरंतर नवाचार और सृजन की कहानी लिख रहा है।

20 रेजिमेंटल स्कूलों से प्रारंभ हुआ केन्द्रीय विद्यालय संगठन आज 1256 विद्यालयों की विशाल श्रृंखला के रूप में शिक्षा की ज्योति प्रकाशित कर रहा है। हाल ही में केन्द्र सरकार ने 85 और नए केन्द्रीय विद्यालय खोलने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया है, जो सबके लिए सुलभ एवं समावेशी शिक्षा की प्रतिबद्धता को दोहराता है।

संगठन की सफलता में हर सदस्य का समर्पण और योगदान सराहनीय है। मैं इस अवसर पर सभी शिक्षकों, कर्मचारियों और अभिभावकों का आभार व्यक्त करती हूं, जिन्होंने अपने परिश्रम और मार्गदर्शन से केन्द्रीय विद्यालय संगठन को इस गौरवशाली स्वरूप में ढाला है।

यह स्थापना दिवस मात्र एक संस्थान का वार्षिकोत्सव नहीं, अपितु यह उत्सव है 13 लाख से अधिक विद्यार्थियों के भविष्य का, यह उत्सव है 50 हजार से अधिक शिक्षकों व कर्मचारियों के समर्पण का, यह उत्सव है लाखों अभिभावकों के विश्वास का और यह उत्सव है हमारे पूर्व विद्यार्थियों की सुंदर स्मृतियों का। हम सभी आज संगठन की साझा विरासत पर गौरवान्वित अनुभव करते हैं।

इस शुभ अवसर पर हम यही कामना करते हैं कि केन्द्रीय विद्यालय संगठन स्कूल शिक्षा के क्षेत्र में नित नए कीर्तिमान स्थापित करे और देश के लिए एक सशक्त भावी पीढ़ी का निर्माण करे। मेरा दृढ़ विश्वास है कि सेवा, समर्पण व सफलता की यह शैक्षिक यात्रा निरंतर जारी रहेगी।

अनेक मंगल कामनाओं सहित,

निधि पाण्डे

(निधि पाण्डे)